Printed Pages – 4

NJ-1211

B.Com. (Part-III) Examination, Mar.-Apr., 2023

(Foundation Course)

Paper - I

HINDI LANGUAGE

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 75

Minimum Pass Marks : 25

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं। अनर्गल एवं विषयान्तर लेखन पर अंक काटे जाएंगे। एक प्रश्न के उपखण्ड यथासंभव एक ही स्थान पर हल कीजिए।

इकाई–I

Q. 1. (क) सुमित्रानंदन पंत द्वारा रचित 'भारत माता' कविता का केन्द्रीय भाव लिखिए। **8**

अथवा

'भारत माता' कविता में कवि ने भारत माता के स्वरूप को किस तरह से व्यक्त किया है ? स्पष्ट कीजिए।

(ख) व्याख्यापरक शैली से क्या अभिप्राय है? उदाहरण सहित इसकी विशेषताएँ लिखिए। 7

अथवा

"शैली मनुष्य की पहचान है।" इस कथन की व्याख्या करते हुए कथन की विभिन्न शैलियों का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

इकाई–II

Q. 2. (क) 'सूखी डाली' एकांकी के माध्यम से उपेन्द्रनाथ अश्क ने किस सामाजिक समस्या की ओर इशारा किया है? स्पष्ट कीजिए। 8

अथवा

'सूखी डाली' एकांकी का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

(ख) विनम्रतासूचक संरचनाओं से क्या तात्पर्य है? उदाहरण सहित लिखिए। 7

अथवा

अनुक्रम किसे कहते हैं? इसका प्रयोग किस रूप में होता है? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

इकाई–III

Q. 3. (क) मालती जोशी द्वारा रचित कहानी 'वसीयत' की समीक्षा कहानी के तत्वों के आधार पर कीजिए। 8

अथवा

'वसीयत' कहानी के आधार पर कहानी के पात्र 'हरीश' के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए।

(ख) परिपत्र क्या है? इसकी विशेषताओं को प्रारूप देते हुए समझाइए। 7

अथवा

अनुस्मारक से क्या तात्पर्य है? इसे कब लिखा जाता है? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

इकाई–IV

Q. 4. (क) 'योग की शक्ति' पाठ के माध्यम से डॉ0 हरिवंश राय बच्चन ने योग के महत्व को किस प्रकार रेखांकित किया है? स्पष्ट कीजिए। 8

अथवा

'योग की शक्ति' पाठ का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

(ख) अनुवाद से आप क्या समझते हैं? अनुवाद करते समय किन-किन बातों को ध्यान में रखना आवश्यक होता है? समझाकर लिखिए। 7

अथवा

"अनुवाद को सांस्कृतिक-सेतु' की संज्ञा दी जाती है।" इस कथन के आलोक में अनुवाद के उद्देश्य एवं महत्व को स्पष्ट कीजिए।

इकाई–V

Q. 5. (क) 'सामाजिक एवं राष्ट्रीय एकीकरण के लिए सांस्कृतिक विविधता अपरिहार्य है' – इस कथन को स्पष्ट कीजिए। **8**

अथवा

वैश्वीकरण के दौर में सभी संस्कृतियाँ एक-दूसरे को किस तरह प्रभावित कर रही हैं ? समझाइए।

(ख) प्रतिवेदन से क्या आशय है ? प्रतिवेदन के प्रकारों का उल्लेख कीजिए। **7**

अथवा

निमंत्रण पत्रों की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए विवाह समारोह के लिए निमंत्रण पत्र का नमूना तैयार कीजिए।